तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने अधिकारी मिशन मोड पर...



12 पिता की सीख व डॉक्टरों से मिले हौसले से युवक बना पोस्टमार्टम ...



## खबर संक्षेप

### कुरूद तहसील के पटेलों की बैठक 5 को

**कुरुद।** तहसील कुरुद अंतर्गत आने वाले पटेलों की बैठक 5 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ महतारी प्रांगण कुरूद में रखी गई है। तहसील अध्यक्ष ने समस्त पटेलों से उपस्थिति की अपील की है।

### गुजरा का मड़ई मेला स्थगित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5 जनवरी को मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल नंदलाल साहू, सरपंच श्रीमती शांति बाई ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विशाल साहू, उपसरपंच मेतर साहू, विक्रम सिंह मांडवी ने दी है।

### कुल्हाड़ीकोट में एनएसएस शिविर आज से

**मगरलोड।** गुरूकुल महाविद्यालय मगरलोड की इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कुल्हाड़ीकोट में 3 से 9 जनवरी तक किया गया है। शिविर उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि ज्योति दिवाकर ठाकुर अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड होंगी। अध्यक्षता राधिका कैलाशगिरी गोस्वामी सरपंच कुल्हाड़ीकोट करेंगी। विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा अध्यक्ष गुरूकुल शिक्षण समिति मगरलोड, आदित्य शुक्ला उपाध्यक्ष गुरूकुल शिक्षण समिति मगरलोड, डॉ. एचएल साहू प्राचार्य गुरूकुल महाविद्यालय, हिरामन ध्रुव जनपद सदस्य मगरलोड, रामनाथ यादव ग्रामीण अध्यक्ष, संतराम कश्यप ग्राम पटेल, सुशीला निषाद उपसरपंच, चंपा बाई, उर्मिला बाई, संतोषी बाई रहेंगे।

### कुम्हारखान में मानसगान सम्मेलन 5 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम कुम्हारखान में युवा मित्र मंडल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन का आयोजन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है। 8 जनवरी को मंडई रखी गई है। सम्मेलन का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे किया जायेगा। सम्मेलन की तैयारी में आयोजन समिति के संरक्षक मोन्टू साहू, अध्यक्ष कुशल साहू, उपाध्यक्ष अजय साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत साहू, सचिव विक्कीदास मानिकपुरी, चन्द्रदेव साहू, भूपेन्द्र यादव, धर्मेन्द्र यादव, खिलेन्द्र साहू, त्रिलोक ध्रुव, भूपत हिरवानी, देवेन्द्र नेताम, विरेन्द्र सूर्यवंशी, अरूण यादव, रेवाराम साहू, विनोद साहू, नारायण सूर्यवंशी जुटे हैं।

### जिले में 12 जनवरी से लगेंगे ऋण वसूली शिविर

**धमतरी।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित धमतरी द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित सभी ऋणी हितग्राहियों से ऋण वसूली करने एवं अंत्योदय स्वरोजगार योजना में अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदकों से स्वरोजगार हेतु ऋण प्रकरण तैयार करने के लिये 12 जनवरी से ऋण वसूली शिविर आयोजित किये जायेंगे। कार्यपालन अधिकारी जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति ने बताया कि 12 जनवरी को जनपद पंचायत मगरलोड और 19 जनवरी को जनपद पंचायत कुरूद में दोपहर 12 से तीन बजे तक ऋण वसूली शिविर लगाया जायेगा। 24 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कृषि उपज मंडी नगरी के सामने स्थित अंत्यावसायी प्रशिक्षण केन्द्र नगरी तथा 30 सितम्बर को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक 48 स्थित जिला अंत्यावसायी कार्यालय धमतरी में शिविर आयोजित किया जायेगा।

कई किसानों को एक माह से नहीं हुआ है धान का भुगतान

# धान बेचकर भी किसानों के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

aसमर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद भी एक माह से किसानों को भुगतान नहीं मिला है। इससे नाराज किसानों ने चक्काजाम का आह्वान किया है। बुधवार को वे सोसाइटी में खरीदी बंद करवाकर गुंडरदेही स्टेट हाइवे में चक्काजाम करेंगे। इस खबर के बाद अधिकारी एक्टिव हो गए हैं। उन्होंने बताया कि शीघ्रता के साथ किसानों को भुगतान कर दिया जाएगा।

समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों को एक दो दिन के भीतर भुगतान किया जा रहा है। उनके खाते में राशि डाल दी जाती है लेकिन कुछ किसान ऐसे हैं, जिनके खाते में एक माह बाद भी धान की राशि नहीं आई है। किसान रूखमणी, रामभरोसा, रितेश्वरी, विनोद कुमार, शिवनारायण, योगेंद्र, मोहित, मनीराम, संजय, हरिराम ने बताया कि उन्होंने 1 दिसंबर को पोटियाडीह खरीदी केंद्र में धान बेचा था। आज तक उन्हें इसका भुगतान नहीं मिला है। खरीदी केंद्र में पूछने पर अधिकारी सीधे मुंह बात नहीं करते हैं। धान खरीदी संबंधित टोल फ्री नम्बर पर भी किसानों ने शिकायत की है लेकिन वहां से भी कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिला है। इससे परेशान किसान अब आंदोलन की राह में हैं। परेशान किसानों ने बैठक आयोजित कर 3 जनवरी को खरीदी बंद करवाकर स्टेट हाइवे बंद करने का निर्णय लिया है।



### यहां भी समस्या

केवल 1 दिसंबर को धान बेचने वालों का भुगतान नहीं रूका है। खपरी के किसान उमाशंकर साहू ने बताया कि उसने देमार खरीदी केंद्र में 11 दिसंबर को 32 क्विंटल धान बेचा था। उसका खाता यूनियन बैंक में है। अब तक उसके खाते में राशि नहीं आई है। पिछले साल भी इसी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा था। सभी किसानों के खाते में बोनस की राशि आ गई है लेकिन उसे अभी तक बोनस नहीं दिया गया है। ऐसे में वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

### कई केंद्रों में समस्या

पेमेंट नहीं मिलने की समस्या केवल 1 दिसंबर को धान बेचने वाले किसानों की नहीं है। बताया गया है कि इस दिन सर्वर में कोई समस्या आ गई थी, जिसके कारण भुगतान अटक गया है। यह समस्या केवल पोटियाडीह खरीदी केंद्र की नहीं है बल्कि खरेंगा, आमदी, लोहरसी, शंकरदाह, सोरम सहित अधिकांश खरीदी केंद्रों की है जहां पर बड़ी संख्या में किसानों को भुगतान नहीं मिला है। बताया गया है कि जिन किसानों का खाता जिला सहकारी बैंक में है, उनका पेमेंट आ गया है। जिनका खाता दूसरे बैंकों में है, उनका पेमेंट रूक गया है।

### ये काम करें किसान

पोटियाडीह खरीदी केंद्र व्यवस्थापक नारायण साहू ने बताया कि किसानों से ऐसी शिकायत लगातार मिल रही है। किसानों को सलाह है कि पेमेंट नहीं मिलने की स्थिति में वे खरीदी केंद्र में आवेदन करें। आवेदन पत्र के साथ बैंक स्टेटमेंट या बैंक पासबुक की एंट्री की कापी जमा करें। बैंक स्टेटमेंट या पासबुक की एंट्री आवेदन की तिथि का ही हो तो ज्यादा अच्छा है। इसके साथ धान बेचने की पावती की कापी भी जमा करें। इन दस्तावेजों को एनआईसी में जमा किया जाएगा।

### होगा शीघ्र भुगतान

किसानों की समस्या की जानकारी हुई है। उनकी समस्या को शीघ्र हल करने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। किसानों को जल्द ही पेमेंट कर दिया जाएगा।

- शिवेश मिश्रा,
*नोडल अधिकारी धान खरीदी*

# वाहन चालकों के लिए वर्दी और परिचय-पत्र जरूरी



- छग ड्राइवर महासंगठन ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रशासन से मांगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मंगलवार को छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने वर्दी एवं परिचय पत्र के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। महासंगठन के जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे वाहन चालकों ने कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन कर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि छग ड्राइवर संघ शासन एवं प्रशासन के सहयोग से सेवा एवं वाहन चालकों के लिए 3 वर्षों से लगातार कार्य कर रहा है। इसमें दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। वर्तमान स्थिति ऐसी है कि नए तथा बाहर से आए हुए ड्राइवर संस्था के निर्देशों एवं नियमों के अनुसार मार्ग में वाहन नहीं चलाते। ऐसे ड्राइवरों को संस्था से नहीं जुड़े होने के कारण समझाने में काफी दिक्कतें आती हैं।

महासंगठन ने मांग की है कि सभी वाहन चालकों के लिए संस्था से निर्धारित वर्दी एवं परिचय पत्र अनिवार्य करने के लिए जिला प्रशासन से सहयोग की आवश्यकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से जागेश्वर साहू, मेघनाथ साहू, नीलकंठ ध्रुव, सोमनाथ साहू, नूरेन्द्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में वाहन चालक उपस्थित थे।

# असंगठित कर्मकारों को नहीं मिल रहा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में श्रम विभाग की योजनाओं का बुरा हाल है। असंगठित कर्मकारों को योजना का लाभ देने 6 माह से बजट ही नहीं मिला है। सन्निर्माण कर्मकार एवं सफाई कर्मकारों को राहत मिली है। महतारी जतन नोनी सशक्तिकरण, श्रमिक सियान सहायता योजना के पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि डाली गई है।

छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल की कर्मकार सविता सपहा ने बताया कि 6 माह पूर्व असंगठित कर्मकार प्रसूति सहायता योजना के लिए श्रम विभाग में आवेदन किया गया था। आवेदन करने के कुछ दिन बाद जन्म प्रमाण पत्र, जच्चा बच्चा कार्ड संलग्न नहीं होने की जानकारी दी गई। विभाग में जाकर आवेदन की जांच कराने पर सब सही पाया गया। एक माह पुनः जानकारी लेने पर बताया गया कि आवेदन कम्पलीट है। आचार संहिता हटने के बाद पुनः जानकारी लेने पर बजट नहीं आने की जानकारी दी जा रही है। हितग्राही का कहना है कि जिस उद्देश्य से प्रसूति सहायता योजना लाई गई है, उसका लाभ समय पर नहीं मिलने से यह योजना उद्देश्यहीन होती जा रही है। ज्ञात हो कि असंगठित कर्मकार के एक लाख से अधिक हितग्राही हैं। बजट के अभाव में हजारों हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।

प्रसूति, मृत्यु, छात्रवृत्ति के हजारों हितग्राहियों को राशि का इंतजार



### हजारों हितग्राही ताक रहे विभाग का मुंह

असंगठित कर्मकार अंतर्गत छात्रवृत्ति के लिए 663 आवेदन हैं। इस योजना में हितग्राही के पढ़ने वाले छात्र को 500 से 5000 रूपये तक छात्रवृत्ति दी जाती है। प्रसूति सहायता योजना के 181 आवेदन हैं। इस योजना में हितग्राही को 20 हजार रूपये की सहायता मिलती है। 268 ऐसे हितग्राही हैं जिनकी मृत्यु पर परिजनों को एक लाख रूपये की सहायता दी जाती है। इन सभी पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### सन्निर्माण एवं सफाई कर्मकारों को योजनाओं का मिला लाभ

जिला श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्रे ने बताया कि सन्निर्माण कर्मकारों के लिए बजट मिला तथा उसके खाते में रकम डाल दी गई है। आवास योजना के 500 आवेदन में से 25 पात्र पाए गए हैं। सभी 25 हितग्राही को 1-1 लाख रूपये की राशि उनके खाते में डाल दी गई है। महतारी जतन योजना के 1309 आवेदन में 756 हितग्राही पात्र पाए गए हैं। पात्र हितग्राहियों के खाते में 20-20 हजार रूपये चला गया है। नोनी सशक्तिकरण के 628 आवेदन में से 399 आवेदन पात्र थे। पात्र हितग्राहियों के खाते में 20-20 हजार रूपये तथा श्रमिक सियान सहायता योजना में 9 पात्र हितग्राही को 20-20 हजार रूपये उनके खाते में डाल दिया गया है। सफाई कर्मकार के लिए प्रसूति सहायता योजना में 8 हितग्राही तथा छात्रवृत्ति के 100 हितग्राही को योजना का लाभ मिला है। नई सरकार बनने के बाद इन सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला है।

# रेट गिरा तो मंडी में पसरने लगा सन्नाटा

- आवक घटकर 200-250 कट्टा हुई, मंडी श्रमिकों को भी ढंग से नहीं मिल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मंडी में धान के दाम गिरते ही सन्नाटा पसर गया है। रोजाना जो आवक 3 हजार कट्टा के आसपास थी, वह सिमटकर 200-250 कट्टा हो गई है। मंडी में रेट नहीं मिलने से किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच रहे हैं।

फसल कटने के साथ ही कृषि उपज मंडी में रौनक शुरू हो गई थी। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने के बाद भी मंडी की रौनक बरकरार रही। क्योंकि किसानों को कृषि उपज मंडी में भी अच्छा दाम मिल रहा था। अब अचानक से धान का रेट कम हो गया है। रेट टूटते ही किसानों ने अपना रूख बदल लिया। मंडी में गिने-चुने ही किसान पहुंच रहे हैं। यहां पर आवक घटकर मात्र 200-250 कट्टा प्रतिदिन हो गई है। आवक कम होने से मंडी श्रमिकों को भी ढंग से काम नहीं मिल रहा है। स्थिति पर नजर डालें तो मंडी में सरोना, आईआर-64 वेरायटी का धान आ ही नहीं रहा है। सिर्फ सांभा, गोल्डन सांभा, श्रीराम जैसे धान ही पहुंच रहे हैं। इस वेरायटी के धान को भी सही ढंग से कीमत नहीं मिल रही है।



### ऐसा है गणित

जिले में बड़ी संख्या में किसान रेगहा-कट्टो लेकर खेती करते हैं। इसमें किसान खेत मालिक को रूपया और 8-10 क्विंटल धान दे देते हैं। बाकी धान वे खुद रखते हैं। खेत दूसरे का होने के कारण समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए इन किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है। ये किसान मंडी में धान बेचते हैं। अब तक रेट अच्छा होने के कारण ये किसान मंडी पहुंच रहे थे। अब रेट कम होने के बाद उनका भी मंडी से मोहभंग हो गया है। वे दूसरे किसानों का खाता जुगाड़कर समर्थन मूल्य पर धान बेच रहे हैं।

### रेट बढ़ने का इंतजार

किसानों की माने तो कुछ माह बाद धान का रेट फिर से बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि धान की बड़ी मात्रा समर्थन मूल्य पर खप जा रही है। ऐसे में किसानों के पास काफी कम मात्रा में धान बचेगा। फ्री सेल के लिए धान की कमी रहेगी जिससे इस साल धान का मूल्य बढ़ने की उम्मीद है।

# बासीखाई की घटना : बाड़ी की मेड़ में मिली नवजात की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जंगल क्षेत्र स्थित बाड़ी की मेड़ में पूरी तरह विकसित नवजात की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बासीखाई निवासी परसादी राम की जंगल से लगी बाड़ी है। मंगलवार की सुबह वहां से गुजर रहे कुछ ग्रामीणों ने परसादी राम की बाड़ी की मेड़ में एक 9 माह के नवजात शिशु की लाश देखी। उसके एक पैर को जानवर नोंचकर ले गये थे। नवजात की लाश मिलने की खबर पूरे गांव में फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। घटना की सूचना केरेगांव थाने को दी गई। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर जांच में जुट गई। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार-मंगलवार की रात्रि कोई अज्ञात उक्त शिशु को बाड़ी की मेड़ में फेंककर भाग गया होगा। इसे अवैध संबंध व अवैध गर्भपात से भी जोड़कर देखा जा रहा है। बहरहाल केरेगांव पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बाड़ी में मृत नवजात शिशु लड़का था।



# उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उपनिरीक्षक के कंधों पर स्टार लगाकर निरीक्षक पद पर पदोन्नति दी गई। इस अवसर पर पदोन्नत निरीक्षक का वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्साहवर्धन कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में पदस्थ उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार सिंह को वरिष्ठता के आधार पर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। इस अवसर पर मंगलवार को पुलिस कार्यालय में एसपी द्वारा एसआई नरेन्द्र सिंह के कंधों पर नया सितारा लगाकर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। इस दौरान नव पदोन्नत निरीक्षक को शुभकामनाएं देते हुये उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर डीएसपी नेहा पवार, प्रशिक्षु डीएसपी विकेश्वरी पिंदे, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली टीआई बृजेश तिवारी, अर्जुनी प्रभारी राजेश मरई, पदोन्नत निरीक्षक नरेन्द्र सिंह एवं उसकी पत्नी नीलिमा सिंह, सनत वर्मा, अखिलेश शुक्ला, स्थापना प्रभारी लक्ष्मी ध्रुव सहित पुलिस कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



नववर्ष पर बड़ी संख्या में तैनात किए गए पुलिस बल

# जिले के पर्यटन स्थलों में पुलिस की रही तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नव वर्ष पर पर्यटकों की सुविधा व सुरक्षा के लिए जिले के पर्यटन स्थलों में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किए गए थे। वहीं ऐहतियातन पुलिस द्वारा संदिग्धों पर नजर रखते हुए वाहनों की चेकिंग भी की गई।

जिले में पर्यटन स्थल के तौर पर गंगरेल, माड़मसिल्ली व सोंढूर डेम प्रसिद्ध है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। इस पर्यटन स्थलों पर वैसे तो साल भर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है लेकिन नव वर्ष पर इन बांधों में सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ती है। धमतरी जिला सहित आसपास के जिले के पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंच प्रकृति के बीच नए साल का जश्न मनाते हैं। विशेषकर नववर्ष पर गंगरेल बांध में काफी भीड़ रहती है जिसके कारण मार्ग में ट्रेफिक दबाव बढ़ जाता है। वहीं भीड़ का फायदा उठाने असामाजिक तत्व सक्रिय होकर वारदात को अंजाम देने से पीछे नहीं रहते। इसे देखते हुए पुलिस ने जिले के पर्यटन स्थलों में पहुंचने वाले पर्यटकों की सुरक्षा के लिए नव वर्ष के पूर्व ही तैयारी कर ली थी। सभी थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के पर्यटन स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात कर अलग-अलग स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर लगातार नजर रखी गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर नववर्ष की पूर्व संध्या पर सभी होटल, लॉज व ढाबों की चेकिंग की गई। बिलाईमाता मंदिर, मरादेव मंदिर, गंगरेल बांध, अंगारमोती मंदिर, माड़मसिल्ली बांध, सोंढूर बांध, नरहरा जलप्रपात सहित अन्य पर्यटन स्थलों में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई। तैनात पुलिस बल को वरिष्ठ अधिकारियों ने पर्यटकों से मित्रवत व्यवहार करने व गंगरेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यातायात के नियमों का पालन कराने तथा शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया था। पर्यटन स्थलों में पुलिस बल की तैनाती के कारण नववर्ष पर किसी तरह अप्रिय घटना नहीं घटी।





# राजपुर में मड़ई 8 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्राम विकास समिति अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव, कन्हैया निषाद, विजय यदु, भगवंत सिन्हा, राजू निषाद, पूनमचंद सिन्हा, गुहलेद दीवान, पुरूषोत्तम सिन्हा, गिरवर यदु, दूजराम ध्रुव, फूलजी, रमेश्वर साहू, रेखराम ध्रुव, राधेश्याम यदु, केदार साहू, पवन निषाद जुटे हुए हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### भीम रेजीमेंट के जिलाध्यक्ष बने अरुण



**जीजामगांव।** भीम रेजीमेंट छत्तीसगढ़ का धमतरी जिला अध्यक्ष अरुण सोनवानी को नियुक्त किया गया है। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सह संस्थापक उमेश सोनवानी एवं रायपुर जिला अध्यक्ष जीवरखन बंदे के निर्देश पर उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

### लिमतरा में मानसगान 12 से

**धमतरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जन-जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से श्री अनुराग मानस प्रचार समिति शीतला चौक लिमतरा में 12, 13, एवं 14 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में कार्तिकराम साहू, भावेंद्र अग्रवाल, घनश्याम, कोमलराम, दिनेश ध्रुवंशी, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू जुटे हुए हैं।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुरुद।** भखारा थाना अंतर्गत ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी एक अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम जोरातराई (सिलौटी) निवासी पुनारद साहू पिता स्व. देवसिंग साहू उम्र 50 वर्ष ने मंगलवार की दोपहर करीब 12 बजे अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के वक्त घर में कोई भी नहीं था। बाद में उनके परिजन गली घूमकर घर लौटे तो पुनारद को फांसी के फंदे पर झूलता देख हक्का-बक्का रह गये जिसकी तत्काल सूचना ग्रामीणों , परिजनों तथा भखारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। आत्महत्या का कारण मृतक के लंबे समय से बीमार रहने व उचित इलाज न मिल पाने को बताया जा रहा है।

## निधन

### फुलवा बाई यदु



**धमतरी।** भाजपा मंडल आमदी अध्यक्ष मुरारी यदु एवं जिला सह संघचालक जितेन्द्र यदु की मां श्रीमती फुलवा बाई यदु का देहावसान हो गया है। उसका अंतिम संस्कार 3 जनवरी मंगलवार को सुबह 10 बजे मड़ईभाठा के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

### शत्रुघन साहू



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी शत्रुघन साहू 56 वर्ष का 2 जनवरी मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे भरा परिवार छोड़ गए। वे चिरौंजी साहू के भाई व प्रीतेश साहू, अशोक साहू के पिताजी थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिक जन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

---

#### करेली बड़ी में शिव महापुराण कथा के समापन पर निकली शोभायात्रा

# भक्ति मार्ग पर चलने से सारे पाप धुल जाते हैं : कल्पना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन ग्राम करेली बड़ी में 24 से 30 दिसम्बर तक किया गया । कथावाचिका मेघा निवासी कल्पना पांडे थी। समापन दिवस पर गीता पाठ एवं देवी चरित्र की कथा सुनाकर शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने गीता पुराण की पूजा- अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा गली मोहल्ले से होते हुए गुजरी।

कथा के दौरान कल्पना पांडे ने कहा कि हमारे कर्म अच्छे हो तो भगवान भी उसका परिणाम बेहतर देता है। गीता में बताए मार्ग का अनुशरण किया जाए तो हम एक अच्छे नागरिक बनकर समाज देश की सेवा कर सकते हैं। मनुष्य को भूतकाल और भविष्य की चिंता न कर वर्तमान के बारे में सोचकर आगे बढ़ना चाहिए। भगवान के भक्ति मार्ग में चलने से सारे पाप धुल जाते हैं।

### जन्मदिन पर करें पौधारोपण

कथावाचिका कल्पना पांडे ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण का तेजी से विनाश हो रहा है। इनके संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण व प्लास्टिक का बहिष्कार जरूरी है। बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि जन्मदिन पर दीप जलाकर भगवान एवं माता-पिता को प्रणाम करें। जन्मदिन पर केक न काटे और न मोमबत्ती बुझाए। जन्मदिन पर फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधा अवश्य लगाएं।

कथा में बताया कि जब देव और आसुरी शक्ति का समुद्र मंथन हो रहा था तो अच्छाई रूपी अमृत और बुराई रूपी विष निकला। भगवान भोलेनाथ ने सृष्टि को विनाश से बचाने अपने कंठ में विष को धारण कर लिया तब से वे नीलकंठ के नाम से भी जाने जाते हैं। समुद्र मंथन में 14 प्रकार के विभिन्न रत्न की प्राप्ति भी हुई।

कथा पंडाल में 12 शिवलिंग का निर्माण किया गया, जहां श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक किया। कथावाचिका ने सती चरित्र, वामन अवतार, द्वादश ज्योर्तिलिंग उद्गम की महिमा के साथ उसकी शक्ति का वर्णन किया। शंकर ने भस्मासुर राक्षस को दिए वरदान और उन्हें छल में फंसाकर भस्म करने की कथा बताई। शिव के रूप में हनुमानजी के अवतार को बताते हुए कहा कि हनुमानजी में राम के प्रति भक्ति और सेवा का अद्भुत संयोग रहा।

मौके पर सरपंच डोमार सिंह साहू, जोहरिक, लक्ष्मीनाथ पाल, कोपराम साहू, सुरेश गौटिया, महेश खिलेश, जितेंद्र सोनी ,राधे निषाद, लोमश, बीरेंद्र साहू, सूरजराव, निराम पाल, खेदू साहू, फूलसिंग, रोहित, जीतेश्वर, तीरथ, कृष्णा, कुमारी बाई, कृष्णा साहू ,लता साहू, हिना सोनी, उषा साहू, रेवती, गणेशिया बाई साहू, रानू, पूर्णिमा, नर्मदा, निर्मला, सोनिया, परमिला, भुनेश्वरी साहू अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

---

# शिक्षा एवं खेल प्रोत्साहन समिति ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

#### युवा संगठन एवं त्रिवेणी संगम डांस परिवार ने किया प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



युवा संगठन एवं त्रिवेणी संगम डांस परिवार द्वारा डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंच पर शिक्षा एवं खेल प्रोत्साहन समिति नगर पंचायत आमदी द्वारा कक्षा 1 से 12 वीं तक के शासकीय स्कूलों में सत्र 2022-23 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के लिए प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। दीपेश कुम्भकार 90.60 प्रतिशत स्कूल चौक आमदी कक्षा 1, साधना प्रजापति प्रतिशत स्कूल चौक आमदी कक्षा 2, समीर देवांगन 94 प्रतिशत स्कूल चौक आमदी कक्षा3, विभयनी यादव और कुमारी पायल कुंभकार 94 प्रतिशत स्कूल चौक तुमा बैगा पारा आमदी कक्षा 4, करुणा साहू 95 प्रतिशत भर्रीपारा आमदी कक्षा-5, पल्लवी 89 प्रतिशत माध्यमिक शाला आमदी कक्षा 6, वर्षा कुंभकार 92 प्रतिशत माध्यमिक शाला आमदी कक्षा-7, लक्ष्मी83.40 प्रतिशत माध्यमिक शाला आमदी कक्षा-8, ओमप्रकाश साहू 82.60 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी कक्षा-9, युद्राणी 78.66 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी कक्षा-10, खिलेंद्र साहू 93.20 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी कक्षा-11, सुरेश कुमार 87.40 प्रतिशत हायर सेकेंडरी स्कूल आमदी कक्षा 12वीं का सम्मान किया गया।

शिक्षा एवं खेल प्रोत्साहन समिति नपं आमदी अध्यक्ष डेगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष रामकृष्ण साहू शिक्षक, सचिव रामकृष्ण महार, डुगेश्वर साहू पुलिस, सहायक सचिव चंद्र प्रकाश हिरवानी शिक्षक, कोषाध्यक्ष सोहन साहू शिक्षक, सहायक कोषाध्यक्ष खुमान साहू पुलिस, संयोजक व संरक्षक मनोज साहू पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, यीशुपाल साहू, ज्योतिष विश्वास शिक्षक, भूषण माला, श्रवण धीवर, त्रिभुवन मटियारा, एमन साहू, डोमार साहू शिक्षक, दुदेश साहू पुलिस, सदस्यगण चोवा देवांगन, रोशन साहू, प्रीतम, शिवा, युवराज, कुंदन, धर्मेंद्र, भग्गू, डोमू, सोढ़ी, सत्तू, उमेश, राम, कमल, भरत, सोनू, चंदू, लोकू, टीकू, शुभम, कुंज, चुनु, जय किशन, सौरभ साहू, सनी देवांगन, पिंटू महेश्वरी सम्मानित हुए।

---

# सहायक शिक्षक फेडरेशन ने विधायक को बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



सहायक शिक्षक फेडरेशन कुरूद के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर से मिलकर उनके पुनः निर्वाचित होने पर पुष्प गुच्छ भेंटकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। साथ ही सहायक शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें प्रमुख रूप से संशोधन पीड़ित सहायक शिक्षकों की बहाली व उनकी वेतन समस्या प्रमुख थी।

विधायक ने कहा कि आपकी समस्याएं मेरे संज्ञान में है, इसका जल्द निराकरण होगा।

संगठन की ओर से प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर, ब्लॉक अध्यक्ष लुकेश राम साहू, सहसचिव शंकर दास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष फालेश्वर कुर्रे, सचिव हेमलाल साहू सहित शिक्षकगण चेतनलाल साहू, दोशण साहू, शशिभूषण जांगड़े, नहुश कुर्रे, व्यास नारायण सर्वाकर, गिरधारी साहू, गोपाल ठाकुर, हरिशंकर सेन, अनु देवांगन, विजय निषाद, अभिषेक सिंह, रामनारायण साहू, शेखन साहू, रोमनलाल रात्रे, खेमचंद देशलहरे, भानुप्रताप नेताम उपस्थित थे।

---

# संतोष बने तहसील स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड



रविवार को मंदिर प्रागंण मेघाघाट ग्राम मेघा में तहसील स्वर्णकार समाज की बैठक हुई। सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। तहसील स्वर्णकार समाज मगरलोड के अध्यक्ष संतोष सोनी पिता लीलाराम सोनी मेघा, उपाध्यक्ष ओनेन्द्र सोनी पिता रामजी मगरलोड, सचिव नारद सोनी पिता अशोक सोनी मोतिमपुर , कोषाध्यक्ष ओंकार सोनी मगरलोड, संरक्षक भीखम सोनी, प्रेमनारायण सोनी, ओंकार सोनी, लखन सोनी, लालजी सोनी मनोनीत किए गए। सभी ने समाज को दिशा प्रदान करते हुए अपने सुझाव दिए। नवीन सदस्यों ने स्वर्णकार कला बोर्ड की मांग पर सहमति प्रदान की।

इस अवसर पर अध्यक्ष श्री सोनी ने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने में सभी की सहभागिता जरूरी है। बुजुर्गों के आशीर्वाद से समाज को नई दिशा देंगे। बैठक में ललित सोनी, लक्ष्मीकांत सोनी, चन्द्रहास सोनी, हेमलेश सोनी, तुलेश सोनी, गिरेश सोनी, अयोध्या सोनी, भोलेशंकर सोनी, ताराचंद सोनी, ओमप्रकाश सोनी, मिथिलेश सोनी, खिलावन सोनी, लखन सोनी, रमेश सोनी व दिलीप सोनी मौजूद रहे।

---

# क्रिकेट प्रतियोगिता में अंदोरा गरियाबंद क्लब ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी



स्टार इलेवन क्रिकेट क्लब उमरगांव के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर क्रिकेट क्लब अंदोरा गरियाबंद, द्वितीय बांधा नगरी, तृतीय बेलरगांव व चतुर्थ स्थान पर सिरसिदा सिहावा की टीम रही। प्रथम पुरस्कार 16,001, द्वितीय पुरस्कार 8001, तृतीय पुरस्कार 3001, चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए एवं ट्राफी और आकर्षक इनाम रखा गया। मैन आफ दी मैच, बेस्ट बालर, बेस्ट फिल्डर, बेस्ट बेट्समैन, बेस्ट कीपर एवं अन्य पुरस्कार दिया गया। इस प्रतियोगिता में 40 टीमों ने भाग लिया था।

क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह की मुख्य अतिथि मीना बंजारे जिला पंचायत सदस्य थीं। अध्यक्षता गणेश राम सूर्यवंशी ने की। विशेष अतिथि डिकेश्वर कुलदीप, विष्णु कोर्राम, महेंद्र पाण्डेय, ब्रह्म ठाकुर, पूनमचंद कश्यप, थानसिंह साहू, उर्मिला साहू, सरस्वती, दीपेश्वरी साहू, मोहित नाग, मेघराज ध्रुव थे।

इस आयोजन में समिति के अध्यक्ष लीलाशंकर यादव, उपाध्यक्ष मोन्टू साहू, कोषाध्यक्ष गिरधर साहू, सचिव तोरण शेषधर, सहसचिव हिमाचल साहू, मोहित गुप्ता एवं सदस्यों का योगदान रहा।

---

# रासेयो शिविर में बिखरी सांस्कृतिक छटा

- छग महतारी कॉलेज के छात्रों ने सात दिनों तक की ग्राम जोरातराई में साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा





राष्ट्रीय सेवा योजना के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की छटा बिखरी। छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम से ग्रामीणों का मन मोह लिया। समापन से पहले एक सप्ताह तक छात्रों ने जोरातराई गांव में साफ-सफाई की।

छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी टी के साहू के नेतृत्व में ग्राम जोरातराई (अंवरी) में किया गया। समापन पर शिविरार्थियों छात्रों ने लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एस डी द्विवेदी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी, शासकीय आयुर्वेद औषधालय भखारा थे। अध्यक्षता खिलावन पाल सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई ने की। विशिष्ट अतिथि टी आर साहू सचिव प्रबंध समिति छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा, परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति जनपद पंचायत कुरुद, महेंद्र साहू ग्राम पटेल जोरातराई, डॉ शैलेंद्र साहू प्राचार्य थे। डॉ एसडी द्विवेदी ने शिविरार्थियों की दिनचर्या की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस दिनचर्या को यदि जीवन में लागू कर लिया जाए तो निश्चित ही छात्रों को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। सुखद और दीर्घायु जीवन के यह दिनचर्या आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रातः उठते ही सबसे पहले मोबाइल देखने की आदत को सुधारें। सोकर मोबाइल चलाने से आंखों की रोशनी कमजोर हो जाती है।

सांध्यकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिलावन पाल सरपंच ने कहा कि आप लोगों ने जिस उद्देश्य को लेकर हमारे गांव में आए थे उसमें सफलता अवश्य मिलेगी। ग्राम में नशामुक्ति का संदेश के साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया इससे ग्राम में एक सकारात्मक सोच आई है। विशिष्ट अतिथि टी आर साहू ने बताया कि छात्रों ने सात दिवसीय शिविर के माध्यम से जनमानस में जो चेतना का संचार किया है वह जनकल्याणकारी, ज्ञानवर्धक और अनुकरणीय है। परमेश्वरी साहू व महेंद्र साहू ने लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होने चाहिए।

डॉ शैलेंद्र साहू ने ग्राम जोरातराई में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर सहयोग देने के लिए ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

---

#### आमदी में छग स्तरीय मानसगान का हुआ आयोजन

# व्याख्यान सम्मेलन में मानस मंडलियों ने किया भगवान राम की महिमा का बखान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



नगर पंचायत आमदी में तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय भव्य मानसगान एवं व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन किया गया।

समापन अवसर के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू व विशेष अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मनोज साहू, नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष गजेंद्र कुंभकार, पार्षद कविता साहू, व्यासनारायण निषाद, भीखम साहू, अनीता ठाकुर, घनानंद साहू, भागीरथी देवांगन, तामेश्वर माला, भूषण साहू, प्रीति कुंभकार, शिवप्रसाद साहू, फूलसिंह साहू, बंशी कोसरिया थे।

मानसगान प्रतियोगिता में अंचल सहित विभिन्न जिले की मानस मंडलियों ने भाग लिया। समापन अवसर पर हमर संस्कृति हमर धरोहर लोकधारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक श्री साहू ने कहा कि रामायण का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व है । प्रदेश में भगवान राम के अनेक स्थानों पर चरण पड़े हैं , जो अब रामवन गमन पथ के नाम से जाना जा रहा है। उन सभी जगहों को भूपेश सरकार द्वारा पर्यटन पथ के तौर पर विकसित करने का कार्य किया गया है। भगवान राम का ननिहाल होने की वजह से छत्तीसगढ़ के लोग भगवान राम को भांचा राम के रूप में पूजते हैं। राम को भांजा मानने की परंपरा देशभर में और कहीं देखने को नहीं मिलती है । श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की संस्कृति में रामायण मंडलियां एक विशेष स्थान रखती हैं।

इस दौरान आयोजक समिति मानस प्रचार समिति के हेमलाल साहू, ज्ञानेश्वर साहू, रामचंद्र देवांगन, राधेश्याम साहू, पारसमणि साहू, चितेन्द्र साहू, ऋषभ ठाकुर, एवन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।


Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist — किडनी रोग विशेषज्ञ — 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon — ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ — 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### मारपीट के दो मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली थाना में मारपीट के दो मामले दर्ज किया गया है। प्रार्थी कमलेश कानूनगो पिता रवि ओडिया पारा सरायपाली ने बताया कि बसंत गुरू और उसके साथियों द्वारा अश्लील गाली गलौज करते हुए मारपीट किए और जान से मारने की धमकी दी। इसी प्रकार अमित मुन्न पिता सुखदेव निवासी बैतारी को सागौन नर्सरी में बबलू साहू पिता विपिन बैतारी द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट कर चोंट पहुंचा। दोनों ही मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सट्टा पट्टी लिखते एक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने रेलवे पटरी के किनारे मनहर लाल पिता स्व लतेल ध्रुव 51 वर्ष निवासी बढ़ईपारा को सट्टा पट्टी के साथ पकड़ा। उसके कब्जे से नगदी रकम 4890 रूपए, एक नग सट्टा पट्टी जब्त कर जुआ एक्ट 3(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### जन्मदिन मना रहे युवक से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली विशाल सोना पिता छबीलाल सोना 21 साल साकिन वार्ड नं. 11 बाजार पारा सरायपाली ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है कि समीर डड़सेना, संतोष सिदार ने जन्मदिन मनाने से मना करते हुए अश्लील गाली गलौज करते हुए किसी वस्तु से मारपीट कर गले में चोंट पहुंचाया एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### युवक ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** अज्ञात कारण से एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। जानकारी के मुताबिक सुरेश पटेल पिता स्व रामकृपाल तुमगांव निवासी ने अज्ञात कारण से फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय मां शाकम्भरी एवं माता सावित्री बाई फुले जयंती पर समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन व परिचय माला पुस्तिका विमोचन का आयोजन ग्राम पंचायत दरचुरा (सिमगा) में 3 जनवरी बुधवार को किया गया है। मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधाई कार्य एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा विशिष्ट अतिथि शिवरतन शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भाटापारा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे कलश यात्रा के साथ होगा। प्रातः 10 बजे मां शाकंभरी एवं भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना एवं सामाजिक प्रदेश पदाधिकारीयों का स्वागत व संबोधन, दोपहर 1 बजे माता सावित्री फुले सम्मान, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं युवक-युवती परिचय, दोपहर 2 बजे अतिथियों का स्वागत सम्मान एवं अतिथि संबोधन तत्पश्चात शाम 5 बजे समापन होगा। यह जानकारी प्रदेश महासचिव ललित पटेल ने दी है।

### धारदार हथियार से डराते आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने गार्डन के पास धारदार कत्ता लेकर आने जाने वालों को धमकाने वाले युवक को गिरफ्तार किया। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि गार्डन के पास एक युवक धारदार हथियार लेकर लोगो को धमका रहा है। जिसे पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी घुंडुल देवार पिता दाऊ लाल 35 वर्ष साकिन गार्डन के पीछे देवार डेरा के कब्जे से एक लोहे का धारदार कत्ता जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेजा गया।

### एक्ट की खिलाफत में फूंका केंद्र सरकार का पुतला

महासमुंद। शहर के अम्बेडकर चौक में चालक संघ के समर्थन और एक्ट के विरोध में मंगलवार शाम राशि त्रिभुवन महिलांग ने केंद्र के मोदी सरकार का पुतला दहन किया। इससे पूर्व उन्होंने सरकार के खिलाफ एक्ट को लेकर जमकर नारेबाजी की बाद पुतला दहन किया।

कलेक्टर ने पीएम जनमन योजना, धान खरीदी सहित मुख्य विकास कार्यों की समीक्षा की

# पीएम जनमन योजना का लाभ दिलाने अधिकारी मिशन मोड पर करें कार्य : ऋतुराज रघुवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना, विकसित भारत संकल्प यात्रा, धान खरीदी, गणतंत्र दिवस की तैयारी एवं मुख्य विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाने और नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री रघुवंशी ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में बताया कि विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। धमतरी जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार निवासरत है। इसके अंतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से ऐसे समुदायों की बसाहटों में पेयजल, आवास, सड़क, मोबाइल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाइल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित कुल 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। योजनांतर्गत जिले के 122 बसाहटों में रहने वाले 1721 परिवारों के लगभग 6 हजार 297 से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा।

कलेक्टर ने योजनांतर्गत जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक, आर्थिक उन्नति के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिले के चिन्हांकित सभी पीव्हीटीजी समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजना का लाभ दिलाने मिशन मोड में कार्य करने की बात कही। इसके लिये प्रभावी कार्ययोजना बनाकर सर्वे कराने तथा शिविर के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति के वंचित लोगों का आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, केसीसी, वन अधिकार पत्र, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। सर्वे के बाद प्राप्त आंकड़ों के आधार पर चिन्हांकित लोगों को लाभान्वित करने पूरी तत्परता से कार्य करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंडवार ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना है। सभी अधिकारी इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर कार्य करें।

जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। अभी एक दिन में 11 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जहां शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनसे आवेदन भी लिया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जी.आर. मरकाम, संयुक्त कलेक्टर ऋषिकेश तिवारी, नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# एपीएल का खिताब मिटू इलेवन ने जीता



■ प्रतियोगिता में नगर पंचायत आमदी की कुल 5 टीमों ने लिया था भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा एवं खेल प्रोत्साहन समिति नगर पंचायत आमदी द्वारा हाईस्कूल मैदान में आमदी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता रखी गई। इसमें नगर पंचायत आमदी की कुल 5 टीमों ने भाग लिय। 5 खिलाड़ी बाहुबली के रूप में ग्राम तरसींवा एवं रावां से लिया था। प्रथम टीम मिटू इलेवन, द्वितीय टीम हिरवानी इलेवन, तृतीय टीम रामू इलेवन, चतुर्थ टीम बूटी इलेवन, पंचम टीम रोशन इलेवन रही।

पांच टीमों के मध्य काटे की टक्कर रही। प्रथम सेमीफाइनल हिरवानी इलेवन वर्सेस बूटी इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें हिरवानी इलेवन की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मिटू इलेवन वर्सेस रामू इलेवन के मध्य खेला गया जिसमें मिटू इलेवन की टीम ने फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मैच मिटू इलेवन वर्सेस हिरवानी इलेवन के मध्य 12-12 ओवरों का खेला गया जिसमें हिरवानी इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। मिटू इलेवन की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया। निर्धारित 12 ओवर में मिटू इलेवन ने 102 रन बनाए और हिरवानी इलेवन को जीत के लिए 103 रनों का लक्ष्य दिया। हिरवानी इलेवन की टीम को सिर्फ 10 रनों से हार का सामना करना पड़ा। मिटू इलेवन की टीम ने फाइनल का खिताब जीता। मैन ऑफ द सीरीज खुमान साहू, बेस्ट बैट्समैन चंद्र प्रकाश हिरवानी, बेस्ट बॉलर कमल पटेल रहे जिन्हें मुख्य नगर पालिका अधिकारी नपं आमदी जफर खान ने शूज भेंट किया।

# 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 22 पदक



**तेंदूकोना।** 27वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन बीते दिन बालाजी स्कूल रायपुर में किया गया था। जिसमें महासमुंद के खिलाड़ियों ने 22 पदक जीतकर छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान दिलाया। टीम के कोच उपेंद्र प्रधान, वीरेंद्र डड़सेना, टीम मैनेजर जगन्नाथ साहू के नेतृत्व में महासमुंद के खिलाड़ियों ने स्पर्धा में भाग लिया। उपेंद्र प्रधान सचिव जिला शोतोकान कराते संघ महासमुंद व अध्यक्ष वीरेंद्र डड़सेना ने बताया कि कार्यक्रम में 12 राज्यों ने भाग लिया था। जिसमें छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान, महाराष्ट्र को द्वितीय एवं आंध्रप्रदेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लगभग 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसी कड़ी में महासमुंद जिले के तेंदूकोना निवासी राकेश साहू ने दूसरे स्थान प्राप्त करते हुए सिल्वर पदक प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर बजरंग निर्मलकर, अशोक साहू, डीगेश्वर दीवान, पुनीत निर्मलकर, डीगेश निर्मलकर आदि ने हर्ष जताया है।

# दूसरों की सेवा के समान कोई धर्म नहीं : मणिकांत पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिहावा

देऊरपारा सिहावा में संगीतमय रामकथा का आयोजन 25 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक पंडित मणिकांत पाठक ने छटवें दिवस सुग्रीव व भगवान राम की मित्रता, हनुमान चरित्र, लंका दहन की कथा सुनाई। बताया कि दूसरों की सेवा के समान कोई धर्म नहीं है। दीन दुखियों पर उपकार करो। समाज, परिवार में अगर कोई दीन दुखी है तो उसकी सेवा करो फिर परमात्मा की साधना करो तो अवश्य ही रामजी का दर्शन हो जायेगा। कलयुग में नवधा भक्ति भगवान को पाने की नौ सीढ़ी है। जब हम मकान बनाते है तो छत पर चढ़ने के लिये सीढ़ियां बनाते हैं। उसी प्रकार ईश्वर को प्राप्त करने के लिये नवधा भक्ति सरल मार्ग है। इस आयोजन में आयोजक समिति के देवेंद्र साहू, देवेंद्र मिश्रा, पवन मिश्रा, वेदनपुरी गोस्वामी, रामेश्वरी साहू, रूमान साहू, भानुराम साहू, मनोज साहू, राहुल साहू, कृष्ण कुमार निषाद, संतू साहू, राजेन्द्र पुरी, हेमंतपुरी गोस्वामी सहित ग्रामीणजनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।





# हत्या के मामले घटे, चोरों की चुनौती के मामले रहे अनसुलझे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में बीते साल की अपेक्षा हत्या के मामलों में कमी आई वहीं चोरी के दर्जनों मामले अनसुलझे रहने के साथ यह चोरियां पुलिस के लिए चुनौती बनी रही। बता दें कि वर्ष 2022 के मुकाबले इस वर्ष हत्या के मामलों में 25 फीसदी कमी आई है। पुलिस द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के मुताबिक हत्या के वर्ष 2021 में ऐसे प्रकरण 25, तथा 2022 में 22 प्रकरण थे, वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 16 हो गई। जिनमे से 15 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। हत्या मामलो में 25% तक की कमी आई हैं। वहीं, हत्या के प्रयास वर्ष 2021 में ऐसे प्रकरण 13, तथा 2022 में 19 प्रकरण थे। वर्ष 2023 में यह संख्या घटकर 8 हो गई जिनमें से 6 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। हत्या के प्रयास संबंधी मामलों में 53% तक की कमी आई हैं। महिलाओं के विरुद्ध घटित अनाचार संबंधी मामले में वर्ष 2023 में कमी आई। जहां 2021 में 80 व 2022 में 103 थे। वहीं, 2023 में बलात्कार के सीधे पंजीबद्ध प्रकरणों की संख्या 52 हो गई। जिनमें से 47 मामलों में चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। महिलाओं के विरुद्ध शीलभंग व यौन उत्पीड़न के मामले में वर्ष 2023 में कमी आई। वर्ष 2021 में यहां यह संख्या 49 थी, 2022 में 55, 2023 में घटकर 44 हो गई। जिनमें से 27 मामलों मे चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। इस प्रकार के मामलों में 20% तक की कमी आई हैं। लूट के मामले में भी कमी आई, वर्ष 2021 में जहां 12 लूट के प्रकरण हुए। 2022 में 17, वहीं 2023 में घटकर लूट के प्रकरण 8 हो गए। जिसमें से 5 मामलों में निराकरण कर लिया गया है। इस प्रकार के मामलो में 51% तक की कमी आई हैं।

### 2022 में चोरी के 162 मामले थे इस वर्ष घटकर 102 हुए

चोरी के मामले जहां यह संख्या 2021 में 164 थी तथा 2022 में 162 थी, वहीं, यह संख्या 2023 में घटकर 102 हो गई। इस प्रकार के मामलो में 35% तक की कमी आई हैं.नकबजनी के मामले जहां यह संख्या 2021 में 116 थी तथा 2022 में 95 थी, वही यह संख्या 2023 में घटकर 67 हो गई। इस प्रकार के मामलो में 26% तक की कमी आई हैं।

### इन अंधे कत्ल ने दहलाया था दिल

अमलोर जंगल (सिरपुर) में हुये अंधेकत्ल का खुलासा। पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी हत्या की साजिश। त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग बना मृतक के हत्या की वजह। योजनाबद्ध तरीके से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर मृतक को जंगल में बुलाकर कर आरोपियों ने दिया हत्या को अंजाम मृतक की पत्नी, प्रेमी सहित अन्य दो आरोपी गिरफ्तार। मृतक दिनेश साहू बागबाहरा की हत्या करने वाला आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार शराब पीने के नाम पर दिया था हत्या को अंजाम आरोपी ने की अपने ही दोस्त की हत्या। थाना महासमुंद मृतक संतोष सेन की गला घोट कर हत्या कर दिये फिर आरोपी घनाराम यादव और उसकी नाबालिक प्रेमिका दोनों मिलकर मृतक के मृत शरीर को बरगद पेड के नीचे रख दिये। जिससे यह प्रतीत हो सके की मृतक की मृत्यु फांसी लगाकर हुई है। टीम द्वारा प्रकरण के दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त बेल्ट, मोटर सायकल एवं मोबाईल फोन एवं विधि से संघर्षरत बालिका से एक मोबाईल फोन जब्त किया गया। पुलिस की बम्हनी हत्याकाण्ड का खुलासा। पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी। पति ही निकला पत्नी का हत्यारा। मृतिका द्वारा आरोपी को उसके अवैध सबंध के लिए मना करना बना हत्या की वजह। आरोपी ने घटना के 20 दिवस पूर्व ही कराया था अपनी पत्नी मृतिका का 16 लाख का टर्म लाईफ इंशोरेन्स। लगभग 02 वर्ष पश्चात हुआ हत्या का खुलासा। सिंघोंडा क्षेत्र में हुये 03 हत्याओं का खुलासा। उदित भोई (पुत्र) ही निकला माँ बाप और दादी का हत्यारा। हत्या कर घर के पीछे ही माँ बाप और दादी को जलाया। प्राचार्य पिता प्रभात भोई माता एवं दादी के गुम होने की झूठी रिपोर्ट लिखा कर रिश्तेदारों और पुलिस को करता रहा गुमराह।

### चोरी लूट अथवा डकैती छाए रहे

बागबाहरा के बीएल ज्वेलर्स में चोरी के आरोपी गिरफ्तार, घटना के 24 घंटे के भीतर चोरी के 02 अन्तर्राज्यीय चोर गिरफ्तार। चोरी की ज्वेलरी समेत कुल लगभग 350000 की सम्पत्ति बरामद। आरोपियों को कोरबा से किया गया गिरफ्तार। थाना बागबाहरा एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही। रेलवे की चोरी के लोहा समान के साथ चोर चढ़े पुलिस के हत्थे। दीगर प्रांत से रेलवे की चोरी के अवैध लोहे के कबाड़ समान को महासमुन्द जिले में खपाने की फिराक में थे चोर 02 ट्रक सहित। परफेक्ट हर्बल एण्ड ऑयल कंम्पनी बिरकोनी के मैनेजर से साराडीह मोड के पास हुई लूट की घटना का हुआ पर्दाफाश।

# सहकारिता आज के युग का धर्म : डॉ. दीक्षित

■ सहकारी शिक्षण एवं प्रशिक्षण का पुनरूद्धार पर संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सहकारिता आज के युग का धर्म है, यह केवल एक व्यावसायिक इकाई मात्र नहीं है वरन यह एक सतत शिक्षण, प्रशिक्षण एवं समग्र विकास का मंच है। सहकारिता के सिद्धांतों, उद्देश्यों, प्रणाली, व्यावसायिक ज्ञान, समिति संचालन के नियम व उपनियम का सभी सदस्यों एवं अधिकारियों को ज्ञान देना ही सहकारी शिक्षण है। यह बातें पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ अनंत दीक्षित ने कही।

70 वां अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह का समापन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित अछोटा के कार्यालय परिसर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण देवांगन सरपंच ग्राम पंचायत अछोटा थे। अध्यक्षता धनुष साहू पूर्व संचालक पैक्स अछोटा ने किया। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू कृषक ग्राम जवरगांव तथा विषय विशेषज्ञ डॉक्टर अनंत दीक्षित पूर्व प्राचार्य शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी थे।

समापन दिवस के विषय सहकारी शिक्षण एवं प्रशिक्षण का पुनरोद्धार पर प्रकाश डालते हुए डॉ दीक्षित ने कहा कि संस्था के अधिकारियों, कर्मचारियों को कार्य योजना बनाने, लेखा संधारण करने, प्रशासकीय कार्य निष्पादन तथा आवश्यक कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के उपयोग की व्यवहारिक जानकारी देना और उसका अभ्यास कराना ही सहकारी प्रशिक्षण है। सहकारिता के शिक्षण द्वारा अधिकाधिक लोगों को सहकारिता के विचार को समझाया व सहकारिता की ओर आकर्षित किया जा सकता है, जिससे व्यावसायिक कौशल का विकास, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और प्रबंध के कुशल स्तर को प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि सहकारी सप्ताह के आयोजन के पीछे निहित उद्देश्य यही है कि सहकारी संस्था अपने स्तर पर अपने कार्यों, योजनाओं एवं उपलब्धियों की समीक्षा कर संस्था के सदस्यों की अपेक्षाओं और आशाओं के अनुरूप कार्य योजना तैयार कर अपेक्षित सुधार कर सके। अध्यक्षता कर रहे धनुष साहू ने कहा कि सहकारी सप्ताह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता के विस्तार हेतु अच्छा वातावरण तैयार होता है। विशिष्ट अतिथि हेमंत साहू ने संघ द्वारा कराए जा रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंचस्थ अतिथियों का संघ द्वारा श्रीफल व शाल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक ए पी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन संघ संचालक नंदकुमार साहू ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कृषक व सहकारी क्षेत्र से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

# सरकार की हर योजना का लाभ पात्र हितग्राही को मिले : अवनेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




ग्राम खरेंगा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि अवनेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता हिरेंद्र कुमार साहू ने की। विशेष अतिथि श्रीमती अमेरिका ध्रुव सरपंच, सरपंच मोहन साहू, श्रीमती पुष्पा साहू पंच, नोडल प्रभारी नरोत्तम साहू, सचिव डिगेश्वरी निषाद थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं तारिणी साहू, देविका चक्रधारी, लिकेश्वरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति पर नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि अवनेंद्र साहू ने कहा कि भारत जल्द ही विकसित देश की श्रेणी में आयेगा। केंद्र सरकार ने 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सरकार की प्रत्येक योजनाओं को वंचित लोगों तक पहुंचाना अनिवार्य है। सरपंच अमेरिका ध्रुव एवं हिरेंद्र कुमार साहू ने शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। प्रतिभावान छात्र-छात्रों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। तुलेश्वरी साहू ने राज्यस्तरीय खेल एवं कामेश भारती राज्यपाल पुरस्कार ने रोवर राज्य स्तर पर अपना प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। संचालन का कार्यक्रम अधिकारी शेषनारायण गजेंद्र एवं यशस्वी चक्रधारी ने किया।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 जनवरी शनिवार को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। बैठक में पेंशनरों एवं पारिवारिक पेंशनर को जीवित प्रमाण पत्र बैंक में जमा करने की जानकारी दी जाएगी। अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग एवं सचिव मोतीलाल हिरवानी ने सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

### बी प्रमाण-पत्र के लिए परीक्षा 5 जनवरी को


**कुरूद।** संत गुरु घासीदास शासकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय कुरुद की रासेयो इकाई 1 एवं 2 के स्वयंसेवकों के बी प्रमाण-पत्र की परीक्षा 5 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12 से 1 बजे तक कक्ष क्रमांक 13 विज्ञान भवन 03 में रखी गई है। ऐसे स्वयंसेवक जो बी प्रमाण-पत्र हेतु निर्धारित अवधि 240 घंटे पूरा कर चुके हैं, वे परीक्षा के लिए पात्र होंगे। साथ ही ऐसे स्वयंसेवक जो स्नातक के प्रथम वर्ष में है, जिनके पास ए प्रमाण-पत्र है तथा महाविद्यालय स्तर पर रासेयो में 120 घंटे की गतिविधि का अनुभव रखते हैं, वे भी परीक्षा हेतु पात्र होंगे। परीक्षा के लिए पात्र स्वयंसेवक अपना पंजीयन कार्यक्रम अधिकारी के पास 5 जनवरी शुक्रवार को परीक्षा पूर्व प्रातः 11 बजे उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से करावें। पंजीयन हेतु रासेयो डायरी, शिविर अनुभव प्रमाण-पत्र, ए प्रमाण-पत्र की छायाप्रति साथ लाना होगा।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने प्राकृतिक आपदा से मृत दो लोगों के परिजनों को आरबीसी 6-4 के तहत चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। नगरी तहसील के घोरागांव निवासी सुखराम सोरी की जहरीले सर्प के काटने पर मृत्यु होने के फलस्वरूप उनकी पत्नी श्रीमती राजबती सोरी को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम कौहाबाहरा के मोहन लाल की मृत्यु पानी में डूबने की वजह से हो गई। इसके मद्देनजर उनकी पत्नी श्रीमती देववती को आर.बी.सी. 6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसके अलावा कलेक्टर श्री रघुवंशी ने राज्य आपदा मोचन निधि के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। उन्होंने धमतरी के मुकेश पल्लन की मृत्यु कोविड 19 से होने के फलस्वरूप उनके आश्रित बसंती पल्लन को राज्य आपदा मोचन निधि से 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### दुर्घटना मानवीय चूक, इसे गंभीर अपराध कहना नाइंसाफी

**धमतरी।** केंद्र सरकार द्वारा दुर्घटना को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में



मानते हुए अजमानतीय किया जाना तथा 10 वर्ष की सजा एवं 500000 रूपए के अर्थदंड को असंगत बताते हुए कांग्रेस के पार्षदों ने उसे वापस लेने की मांग की है। पार्षद दल के प्रवक्ता सोमेश मेश्राम ने कहा है कि दुर्घटना महज एक मानवीय भूल है। किसी प्रकार का कोई इरादतन अपराध नहीं है। इसके लिए भारी भरकम दंड तथा मोटी राशि का प्रावधान किया जाना उचित नहीं है। पार्षद दीपक सोनकर ने कहा कि हिट एवं रन के माध्यम से भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी का दुरुपयोग बढ़ जाएगा। निर्दोष वाहन चालक परेशान होंगे। लंबी दूरी की ट्रांसपोर्ट व्यवस्था देश में प्रभावित होगी। पार्षद संजय डागौर ने कहा कि भारतीय दंड संहिता में अलग-अलग धाराओं में अलग-अलग प्रावधान दिए जा चुके हैं। वाहन चालकों को निशाने पर रखकर संशोधन किया जाना, न्याय व्यवस्था के निष्पक्ष न्याय के उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता है। पार्षद पूर्णिमा गजानंद रजक ने कहा कि जिस तरह केंद्र सरकार ने कृषि के काले कानून को वापस लिया वैसे ही आने वाले समय में ड्राइवरों के लिए बनाए गए कड़े कानून को भी वापस लेना होगा।

### अब तक लगभग 5000 शवों का कर चुका है पोस्टमार्टम

# पिता की सीख व डॉक्टरों से मिले हौसले से युवक बना पोस्टमार्टम एक्सपर्ट

संतोष सोनकर ⏭धमतरी

हरिभूमि विशेष




एक युवक को किशोरावस्था में ही पिता की ट्रेनिंग व डाक्टरों द्वारा हौसला बढ़ाने से नई राह मिली। अब वह युवक शवों का पोस्टमार्टम करने में महारथ हासिल कर चुका है। यह युवक अब तक लगभग 5 हजार शवों का पोस्टमार्टम कर चुका है।

जिस सड़े-गले व बदबूदार शवों को उसके ही परिजन छूना नहीं चाहते, उन शवों का मोहन बेझिझक पोस्टमार्टम कर पालीथिन में पैक करके अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले करता है। धमतरी का मोहन बाल्मिकी जिला अस्पताल के शव विच्छेदन कक्ष में बीते 20 साल से अधिक समय से शवों का पोस्टमार्टम कार्य कर मृतकों को सद्गति देने में मदद कर रहा है। जिस शव विच्छेदन कक्ष के पास से गुजरने में लोग भयभीत रहते हैं, वह शव विच्छेदन कक्ष मर्रच्यूरी मोहन का कार्यक्षेत्र है। शवों का पोस्टमार्टम करने का काम हर कोई नहीं कर सकता, लेकिन मोहन बाल्मिकी अपने पिता द्वारा दी गई ट्रेनिंग के दम पर तथा जिला अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा हिम्मत बढ़ाए जाने पर 17 वर्ष की उम्र से ही करता आ रहा है।

पोस्टआफिस वार्ड धमतरी निवासी 40 वर्ष मोहन बाल्मिकी के पिता अरूण बाल्मिकी लगभग 23 वर्ष पहले मर्रच्यूरी में शवों का पोस्टमार्टम करने का कार्य करता था। उसी समय से मोहन अपने पिता अरूण के साथ मर्रच्यूरी जाना शुरु किया। मोहन अपने पिता को डाक्टर के दिशा-निर्देश पर शवों का विच्छेदन करते देखता था। धीरे से मोहन पोस्टमार्टम करने में अपने पिता का सहयोग करते हुए सीखता चला गया।

जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. खालसा व डा. वायके सिंग भी मोहन की हिम्मत बढ़ाते रहे। इसी दौरान एक घटना में उसके पिता का हाथ फैक्चर हो गया। अब डाक्टरों के सामने शवों का पोस्टमार्टम कराने की समस्या हो गई। इसी दौरान युवक मोहन ने अपने पिता से मिली ट्रेनिंग व डाक्टर से मिले हौसले के दम पर 18 वर्ष की उम्र में हत्या के मामले का शव का पोस्टमार्टम किया था। इसके बाद मोहन ने जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी की कमान संभाल ली। अब तक मोहन लगभग 5 हजार शवों का पोस्टमार्टम करने का अनुभव रखता है।

#### आग से झुलसे शव ने किया विचलित

मोहन बाल्मिकी ने बताया कि वह अब तक लगभग 5 हजार शवों का पोस्टमार्टम कर चुका है, लेकिन आग में शत- प्रतिशत तक झुलस चुके एक शव ने उन्हें विचलित जरूर किया था। मोहन ने बताया कि वह जिला अस्पताल की जीवनदीप समिति के तहत दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत हैं। शासन से उन्हें नियमित करने की उम्मीद है।

## मोंगरागहन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



■ शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र : ओंकार साहू

ग्राम पंचायत मोंगरागहन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का लोकार्पण कार्यक्रम शासकीय हाईस्कूल में अयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू थे। विधायक ने ग्रामीणों का सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल में अतिरिक्त कक्ष बनने से निश्चित ही यहां के विद्यार्थियों को लाभ होगा। विद्यालय विद्या का मंदिर होता है। शिक्षा ही विकास का मूलमंत्र है। विद्यालय संचालन करने वाले इस सामाजिक कार्य से जुड़कर बचपन को गढ़ने का काम करते है। आज की इस प्रतिस्पर्धा में अपने आप को मानसिक रुप से तैयार रखें। भूपेश बघेल के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति आई है। प्रदेश भर में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलकर शिक्षा का नया इतिहास रचा गया। जो बच्चे अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई करने में असमर्थ थे, आज निःशुल्क अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इस दौरान सरपंच रमशीला दिलीप कोर्राम, जनपद सदस्य शैलेंद्र मंडावी, तानाजी राव रणसिंह, संतोष ध्रुव, परसादी राम ध्रुव, चन्द्रहास जैन, बीआर धनेशकर, भानुराम यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

## पीजी कालेज के रासेयो छात्रों ने लगाया स्वास्थ्य शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं प्रो. निरंजन कुमार कार्यक्रम अधिकारी व प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्रन्थालय परिसर के सामने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जांच के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम महाविद्यालय पहुंची। महाविद्यालय से करीब 70 विद्यार्थी एवं 15 प्राध्यापकों के साथ ही अशैक्षणिक स्टाफ ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ लिया। मौके पर प्रो. खेदू भारती, प्रो. अमर साहू, एनएसएस स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, लीना गजेंद्र, संकेत कुमार साहू, विवेक साहू, अनिता मेश्राम, राहुल साहू, भेनू, खुशबू एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## ड्रोन टेक्नॉलाजी को जानने किसानों में दिखी दिलचस्पी

तरल नैनो यूरिया और डीएपी के छिड़काव में आसानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान नगरी एवं मगरलोड विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में आयोजित संकल्प शिविर में ड्रोन टेक्नॉलाजी से तरल नैनो यूरिया और डीएपी के छिड़काव से किसानों में काफी हर्ष है। उप संचालक कृषि ने बताया कि ड्रोन टेक्नॉलाजी को जानने के लिये सैकड़ों किसान उपस्थित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के ग्राम तेन्दुभाठा, परसाबुड़ा, कोरगांव, छिपली, मोहंदी, दुगली, कौहाबाहरा, कांटाकुर्रीडीह, बनबगौद, बाजार कुर्रीडीह, सियादेही, गागरा, पीपरछेड़ी, छाती में मक्का, चना, गेहूं, सरसों, धान एवं सब्जी वर्गीय फसलों में नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम बाजार कुर्रीडीह के किसान राजेन्द्र साहू, सियादेही के राजेश साहू, तेन्दूभाठा के रेवाराम साहू, परसाबुड़ा के लोकेश्वर साहू, कोरगांव के रायसिंह पटेल, छिपली के लोकनाथ साहू एवं चुन्नीलाल साहू, मोहंदी के मोतीलाल यादव और दिनेश पटेल की फसलों में नैनो यूरिया का ड्रोन के माध्यम से छिड़काव किया गया।

## लिखित परीक्षा 6 को, जिले में बनाए गए 13 परीक्षा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला एवं सत्र न्यायालय धमतरी में स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी एवं सहायक ग्रेड-तीन के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये लिखित परीक्षा का आयोजन 6 जनवरी को सुबह 9 से 10 बजे तक किया जायेगा। एडीजे सुनीता टोप्पो ने बताया कि जिले में इसके लिये 13 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

सहायक ग्रेड-तीन की परीक्षा के लिये शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूद्री, सेंट जेवियर्स हायर सेकेण्डरी स्कूल धमतरी, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकुलपुर धमतरी, डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी, नूतन हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेंट मेरी इंग्लिश स्कूल, मॉडल इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल सोरिद नगर धमतरी, मेनोनाइट हिन्दी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेनोनाईट अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हटकेशर, शिवसिंह वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यलाय धमतरी तथा नत्थूजी जगताप नगरनिगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

इसी तरह स्टेनोटाइपिस्ट हिन्दी की परीक्षा के लिये स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बठेना धमतरी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## महाविद्यालय में गणितज्ञ रामानुजन को किया याद

भाषण में डिम्पल, रंगोली में निकिता रही अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के गणित विभाग द्वारा महान गणितज्ञ प्रो. रामानुजन की याद में गणित दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. अनीता राजपुरिया प्रभारी प्राचार्य तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभा वेरुलकर एवं डॉ. मनदीप खालसा थी। मंच का संचालन गणित के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद पाठक तथा अंकिता पटेल अतिथि व्याख्याता ने किया। कार्यक्रम में बीएससी गणित के छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता तथा पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई थी, जो गणित पर आधारित थी।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम डिम्पल सोनकर बीएससी (आईटी) द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान रिद्धि त्रिवेदी बीएससी(गणित) प्रथम वर्ष, तृतीय स्थान हेमलता देवांगन बीएससी (गणित) प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निकिता बीएससी तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान हर्षिता बीएससी प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर नताशा कृदत्त बीएससी तृतीय वर्ष रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में निकिता बीएससी (गणित) तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान संदीप बीएससी (गणित) प्रथम वर्ष तथा तृतीय स्थान पर विद्या साहू, बीएससी (गणित) तृतीय वर्ष रही।

डॉ. एके सिंह, प्रो. पीसी चौधरी, डॉ. खेदूराम सत्यार्थी ने छात्रों को संबोधित किया। डॉ. विनोद पाठक ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंकिता पटेल, भूमिका त्रिवेदी, डॉ. सीमा साहू तथा नरोत्तम अतिथि व्याख्याता की भूमिका रही।

## रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर घरों को दीप, रंगोली से सजाए

■ जिला साहू संघ ने लोगों से किया सहभागिता का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला साहू संघ ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान रामलीला के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर होने वाले विविध कार्यक्रम में विशेष सहभागिता प्रदान करने का आह्वान जिले के सामाजिकजनों के साथ-साथ सर्व समाज से किया है। जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि हम सभी सनातन धर्म, संस्कार, संस्कृति को मानते हैं और उसे आगे बढ़ाने बनाने का कार्य करते हैं।

550 वर्षों के पश्चात स्वर्णिम दिवस 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में आराध्य भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा सुबह 11:45 से 2:00 बजे तक संपन्न होगी। सभी अपनी सुविधा के अनुसार निकट के मंदिर में भगवान राम के नाम का संकीर्तन करें और अपने घरों में रंगोली सजा, दीप जलाकर दीपावली क्री तरह उत्सव मनाए। ज्ञात हो कि कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु 1 से 15 जनवरी तक प्रत्येक गांव में राम नाम के संकीर्तन के साथ प्रभातफेरी निकलते हुए प्रत्येक परिवार को आमंत्रण पत्र भेंट किया जा रहा है।

## जिले में पिछड़ी जनजातियों के आधार पंजीयन पर जोर



### रिजनल डायरेक्टर भारत सरकार ने जिले में पीएम जनमन योजना की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रिजनल डायरेक्टर भारत सरकार आदिवासी कल्याण विभाग मंत्रालय संदीप शर्मा ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में पीएम जनमन योजना के तहत जिले में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातीय समूहों (पीवीटीजी), परिवारों और बस्तियों तक बुनियादी सुविधाओं और सेवाओं को पहुंचाकर उनकी सामाजिक, आर्थिक स्थितियों में सुधार करना है। पीएम जनमन योजना अंतर्गत कमजोर जनजाति समूहों की बसाहटों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, आंगनबाड़ी के माध्यम से पोषण, आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम सिहावा श्रीमती गीता रायस्त, सीएमएचओ डॉ मंडल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती रेशमा तिवारी, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, डीपीएम सुश्री प्रिया कंवर के अलावा विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि जिले के अधिकतम क्षेत्रों में अच्छा कार्य किया जा रहा है, जो सराहनीय है। शासन की इन योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभान्वित करने के लिए सबसे जरूरी है, इनका आधार पंजीयन होना। संबंधित अधिकारी आधार पंजीयन के लिए इन क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित करें। आधार पंजीयन का किसी भी प्रकार का शुल्क न लेवें।

#### नये स्कूलों के लिए प्रस्ताव भेजें

बैठक में रिजनल डायरेक्टर श्री शर्मा ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग वाले ऐसे क्षेत्र जहां स्कूलों की दूरी अधिक है, उन क्षेत्रों का सर्वे करायें, आवश्यकतानुसार नये स्कूलों के लिए प्रस्ताव भेजें। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के ऐसे लोग जिन्होंने किन्ही कारणों से पढ़ाई छोड़ दी है, उसकी भी जानकारी देवें।

#### समय पर मिले खाद्यान्न

श्री शर्मा ने खाद्य विभाग की समीक्षा



करते हुए कहा कि इन वर्ग के लोगों को समय पर पूरा खाद्यान्न मिले इस बात का ध्यान रखें। उज्जवला योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करें। इस दौरान अगर कोई दिक्कत आती है तो उसका निराकरण करें।

#### जीरो बैलेंस में खोलें खाता

श्री शर्मा ने आगे कहा कि शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में बैंकिग क्षेत्र का विशेष महत्व है, क्योंकि इसी के माध्यम से हितग्राही को सब्सिडी दी जाती है। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों का खाता खोलते समय बैंकिंग क्षेत्र के अधिकारी इस बात का ध्यान रखें कि इनका खाता जीरो बैलेंस में खुले और इनसे किसी भी प्रकार की राशि की मांग न की जाये।







